>

Title : Need to conduct an inquiry into the incidents of explosion in explosives and chemical factories in Singrauli District of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का एक बहुत बड़ी घटना की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में 6 जुलाई को शाम पौने सात बजे आइडियल एक्सप्लोसिव एंड केमिकल फैक्ट्री तथा राजस्थान एक्सप्लोसिव एवं केमिकल फैक्ट्री में हुए भयंकर विस्फोट में 16 लोगों की जान चली गयी तथा 42 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। विस्फोट इतना भयंकर था कि 20 किलोमीटर की दूरी पर इतनी तेज आवाज हुयी कि लोग दहशत में आ गए। उक्त विस्फोटक सामग्री बनाने वाले कारखानों को लाइसेंस भारत सरकार के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक जिनका मुख्यालय नागपुर में है, द्वारा दिया जाता है तथा उन्हीं की जिम्मेदारी उन कारखानों के निरीक्षण की तथा नियमों के पालन कराने की होती है।

लेकिन लापरवाही इतनी भयंकर रूप से की गई जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। विस्फोट की खबर लगते ही जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव का कार्य प्रारंभ किया, लगी हुई आग को बुझाने का काम किया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाकर निशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की। हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुख्य मंत्री ने वहां स्वयं जाकर मृतक परिवारों को दो-दो लाख रुपये दिए तथा घायलों को दस-दस हजार रुपये की सहायता दी तथा उच्चस्तरीय जांच के आदेश भी दिये ।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस बड़े हादसे के पीछे मुख्य विस्फोटक नियंत्रक विभाग की जो जिम्मेदारी बनती थी, उन्होंने उन कारखानों में इससे पहले कब-कब जांच की, क्या उन्होंने उन्हें निर्देश दिया था, इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और मृतक परिवारों को कम से कम दस-दस लाख रुपये की सहायता तथा घायलों का उच्च स्तरीय उपचार कराने का काम किया जाए।